तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **रविन्द्र** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353243685231820
03/02/26	अपीलार्थी रविन्द्र निवासी ग्राम दाड़मी, ग्राम पंचायत रामपुरा, तहसील भोपालगढ़, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 11.11.2025 ग्राम दाडमी (ग्राम पंचायत रामपुरा, तहसील भोपालगढ़), जिला जोधपुर की शिकायतें क्रमांक 092536324344497, 092536324339177, 092536324344668, 092536324339268, 092536324344511, 092536324339241, 092536324339192, 092536324416017, 092507824272957 के Backdated Signature और Letter Pad के दुरुपयोग एवं बिना स्थल निरीक्षण निस्तारण के दस्तावेज से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष ने अपने पत्रांक 45 दिनांक 09.01.2026 द्वारा अवगत करवाया कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय से संबंधित न होकर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद् जोधपुर से संबंधित होने के कारण कार्यालय के पत्रांक 14.11.2025 द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत अंतरित कर आवेदक को सूचित किया जा चुका है। कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अपील खारिज योग्य है। अतः लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) की तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.02.03 10:03:45 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
20278271